हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

*अम्बिकापुर। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत सरगुजा जिले के पीवीटीजी ग्राम पंचायत मलगवां खुर्द एवं रामनगर में संयुक्त ग्राम सभा आयोजित हुआ। ग्राम सभा की विधिपूर्वक शुरुआत की गई, जिसमें ग्राम मलगवां खुर्द से गोविंद एवं ग्राम रामनगर से श्रीमती बालों को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सभा का संचालन एजेंडावार किया गया, जिसमें गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक निर्णय लिए गए।

# हार्डवेयर दुकान से चाकू खरीदकर पहुंचा पेट्रोल पंप और कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बात नहीं करने से नाराज था आरोपी युवक, पुलिस ने भेजा जेल, दर्ज है कई मामले

पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बात करने से मना करने से आरोपी युवती से नाराज था इसलिए उसने युवती के हत्या की योजना बनाई। आरोपी ने घटना से कुछ देर पहले ही एक हार्डवेयर दुकान से चाकू खरीदा था। बड़ी बात यह है कि आरोपी आदतन अपराधी है और पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। मामले में पुलिस मृतिका की लाश को पीएम उपरान्त ⏭ शेष पेज 4 पर



## हत्या के मामले में जा चुका है जेल

पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी किस्म का है और पूर्व में भी कुसमी क्षेत्र में एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है। इसके अतिरिक्त उसके खिलाफ अन्य अपराध भी दर्ज है। युवती द्वारा बात नहीं करने से आक्रोशित युवक ने हत्या की योजना बनाई और 2 अक्टूबर को पेट्रोल पंप के समीप स्थित हार्डवेयर दुकान से उसने घटना में प्रयुक्त चाकू खरीदा था और फिर सीधे पेट्रोल पंप पहुंचकर युवती पर हमला कर दिया। इसके साथ ही आरोपी एयरगन अपने किसी दोस्त से लेकर आया था। पुलिस ने आरोपी जोगेंद्र से घटना में प्रयुक्त चाकु, आरोपी का बैग, मोटरसाइकिल, पीड़िता का चप्पल, आरोपी का चश्मा जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, उप निरीक्षक नवल दुबे, प्रधान आरक्षक मुकेश गुप्ता, आरक्षक घनश्याम देवांगन, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, अतुल शर्मा, राहुल सिंह, रमन मण्डल, विकास सिंह सक्रिय रहे।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113








## खबर संक्षेप



### स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में शुक्रवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी कैडेट्स एवं शिक्षक उपस्थित थे। स्क्वाड्रन लीडर श्री नायर ने सफाई कर्मियों के कार्यो व समर्पण की सराहना की तथा कहा कि विद्यालय परिसर की स्वच्छता का श्रेय सफाई मित्रों को ही जाता है। उन्होंने कैडेटों को भी स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और इसे सेवा भावना से अपनाने का आह्वान किया।

### अरूणा सिंह को भाजपा जिला महामंत्री का दायित्व

**अम्बिकापुर।** भाजपा ने संगठन में पहली बार किसी महिला को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की नई टीम में



श्रीमती अरूणा सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोंड जनजाति समाज की श्रीमती अरूणा सिंह लंबे समय से संगठन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा, सरगुजा जिला संगठन, जनजातीय समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में उल्लेखनीय योगदान दिया है साथ ही प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यसमिति, महिला मोर्चा की जिला प्रभारी, राष्ट्रीय सेविका समिति, जनजाति सुरक्षा मंच व जनजातीय गौरव में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुकी हैं।

### गांधी-शास्त्री के विचार हर युग में प्रासंगिक : त्रिपाठी



**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा गांधी चौक पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णवजन ते तेने कहिए का सामूहिक गायन किया गया। सदस्यों द्वारा भारतेंदु भवन में वर्तमान परिपेक्ष्य में महात्मा गांधी एवं शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मिशन के संस्थापक सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के विचार हर युग में प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर देश और समाज का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने दोनों महापुरूषों के प्रेरक प्रसंगों को सुनाया। मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के पैरोकर गांधी जी ने हर स्थिति में सत्यनिष्ठा का पालन करते हुए समाज को एक नई दिशा दी। करो या मरो का नारा देने वाले गांधी जी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी जैसे महान विभूतियां अपने यशस्वी शरीर से हमेशा जीवित रहते हैं। पूर्व अध्यक्ष डीएन द्विवेदी ने कहा कि महापुरूषों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता है। अदम्य साहस और सादगी के प्रतीक दोनों महान नेता देश के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। हमें इनके सादा जीवन उच्च विचार से सीख लेनी चाहिए। पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौबे ने कविता का पाठ किया। जय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, दुर्गा प्रसाद तिवारी, पं.रामनारायण शर्मा, एमएम मेहता, रहिशंकर सिंह, डॉ.वीके सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजनारायण द्विवेदी तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश कश्यप ने किया।

### घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**सूरजपुर।** घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 16 न्यू बाजारपारा निवासी राहुल जैन आ. कैलाश चंद जैन 1 अक्टूबर की रात 11 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 5204 को खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### टांगी से प्राणघात हमला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मामूली सी बात पर नाराज ग्राम बरगवां निवासी केहटूराम बसदेवा (70 वर्ष) ने 17 जुलाई को गांव के ही दिनेश सिंह से गाली-गलौज कर टांगी से उसके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। ग्रामीण के हमले में गंभीर दिनेश सिह का इलाज रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल में चल रहा था। पीड़ित के भाई मकरध्वज सिंह की रिपोर्ट पर दरिमा पुलिस ने धारा 296, 351, 115 के तहत मामला दर्ज किया था। उपचार उपरांत पीड़ित के घर लौटने पर उसका कथन लेने के साथ बेड हैड टिकट के आधार गंभीर चोट होने की जानकारी प्रकरण में धारा 109 जोडा तथा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपी ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी कसे हमले में प्रयुक्त टांगी को बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।





दुर्गाबाड़ी में स्थापित प्रतिमा एवं सिंदूर खेलने के उपरांत एकत्र बंग समाज की महिलाएं।

## गांव में नौ लोग मिले डायरिया से पीड़ित, शिविर लगाकर किया जा रहा इलाज

# फूड प्वाइजनिंग से ओड़गी के ग्राम भाड़ी में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सलका-अधिना

जिले में हुई बारिश के बाद एक बार फिर मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। मौसमी बीमारी की चपेट में छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग शामिल है जो उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे है। कुछ दिनों पूर्व दो लोगों की मौत के बाद ओड़गी विकासखंड में के भांडी गांव में फूड प्वाइजनिंग ने गांव में दहशत फैला दी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग न सिर्फ सतर्क हो गई है बल्कि गांव में शिविर लगाकर लोगों की जांच व उपचार शुरू कर दिया है। गांव में नौ लोग डायरिया पीड़ित पाए गए जिनका उपचार चल रहा है।

**खास बात**

- पूर्व में डायरिया से हो चुकी है मौत

ग्राम पंचायत भाड़ी में फूड प्वाइजनिंग से पनिकापारा निवासी बिमला पति धनसाय (40 वर्ष) सबसे पहले मौत हो गई थी। उसके बाद प्रीति पति गोपाल (30 वर्ष), कुंवारों पति केवला (65 वर्ष) को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। गांव में अभी नौ लोग प्रभावित हैं। गांव के सरपंच राम रतन ने बताया कि परिवार उल्टी दस्त से जूझ रहा है लेकिन वक्त रहते इलाज न मिलने से हादसा हो गया। डायरिया से मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचएमओ निर्देश पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल गांव में शिविर लगाया और शिविर में जांच जांच के दौरान लगभग नौ अन्य मरीज पीड़ित मिले जिनका इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग आशंका है कि दूषित पानी और खानपान की वजह से यह ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हुए है। गांव में साफ सफाई और जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है। गांव में स्वास्थ्य टीम तैनात है ताकि हालात और न बिगड़े। गौरतलब है कि बरसात के मौसम डायरिया, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का प्रकोप अन्य मौसम की अपेक्षा काफी बढ़ जाती है। जुलाई माह के शुरूआती दिनों में हुई बारिश व अगस्त और सितंबर माह में हो रही खण्ड वर्षा से एक बार फिर मौसमी बीमारियों का प्रकोप फैलने लगा है। हालांकि बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों को देखते हुए प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। बैठक के दौरान मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए व्यापक तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों व बीएमओ को उनके कार्य क्षेत्र अंतर्गत पहुंचविहीन गांवों का चिन्हांकन कर वहां मौसमी बीमारियों से निपटने बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ अंचलों में जाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी व खान पान के संबंध में निगरानी रखे हुए है।

### मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने उल्टी-दस्त से पीड़ितों से की मुलाकात

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत भांड़ी में उल्टी-दस्त की समस्या से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने प्रभावित मरीजों से अस्पताल एवं घर जाकर हालचाल जाना और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभावी उपचार, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता तथा पीड़ितों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम भांड़ी में बीमार ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा तथा स्वच्छ पेयजल और नियमित स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि ग्राम भांड़ी में पिछले दिनों दूषित जल पीने से कई ग्रामीण उल्टी-दस्त से बीमार हो गए थे। इस बीच एक महिला की मृत्यु भी हो गई है और आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार हैं।



### खानपान पर दे विशेष ध्यान

चिकित्सकों की माने तो बरसात में खुखड़ी, बासी भोजन व हंडिया शराब पीने से बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग डायरिया से पीडित हो जाते है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में खानपार पर ध्यान नहीं देने के कारण लोग उल्टी दस्त से पीड़ित हो जाते है। चिकित्सकों का कहना है कि बरसात के मौसम में पानी उबाल कर पीना चाहिए और बासी भोजन, खुखरी व हड़िया शराब खाने पीने से परहेज करना चाहिए।

### लगाया गया है शिविर

गांव में शिविर लगाकर पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है। पनिका पारा और कंवर पारा में डोर टू डोर घरों में सर्वे हो गया है। शिविर में मरीजों को बुलाया गया है।

-बंटी बैरागी, बीएमओ ओड़गी



## नम आंखों से दी गई माता को विदाई मांड नदी में किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नवरात्र के पावन अवसर पर नगर समेत क्षेत्र के पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद नम आंखों से विदाई दी गई। नगर के जयस्तंभ चौक गायत्री मंदिर एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान माँ दुर्गा को विदाई देने आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ निकली माँ दुर्गा की शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान नगरवासियों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा करते हुए उन्हें भारी मन से विदा किया। पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद तीनों समितियों की शोभायात्रा बारी बारी से केशला मांड नदी पहुंची जहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना के बाद बोझिल मन से मां दुर्गा की प्रतिमा को मांड नदी में प्रवाहित किया। इधर मांड नदी में मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रशासन की उदासीनता के कारण भारी अव्यवस्था का आलम व्याप्त था। मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा व्यवस्था चाक चौबंद होना चाहिए था ताकि कोई हादसा न हो इसके बावजूद मांड नदी के पास विसर्जन को लेकर कोई तैयारी नहीं थी।

### कैबिनेट मंत्री ने किया नपं अध्यक्ष के पेट्रोल पंप का उदघाटन

**लखनपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के पेट्रोल पंप का उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया। नपं अध्यक्ष श्रीमती साहू ने एनएच 130 पर ग्राम पंचायत जजगा के समीप पेट्रोल पंप स्थापित किया गया है। विजयादशमी के अवसर पर पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटकर पेट्रोल पंप का उदघाटन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद कमलभान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू, जिला पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, राकेश अग्रवाल, सुरेश जायसवाल आदि मौजूद थे।



तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार MBBS,MD (General Medicine) MD (Nephrology)
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ.आशु जैन MS,MCH,FHU,Neuro Surgery
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
05 अक्टूबर 2025, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## जयंती पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



**अंबिकापुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। राजीव भवन में हुए सभा के पूर्व आज प्रातः कांग्रेस सेवादल ने जिलाध्यक्ष लोकेश पासवान और महिला जिलाध्यक्ष प्रीति सिंह के नेतृत्व में राजीव भवन से गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा तक प्रभातफेरी निकली और वहां जाकर साफ सफाई का कार्य किया। इसके उपरांत सेवादल की टीम ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राजीव भवन के सभा कक्ष में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि आज देश मे स्वदेशी उद्योगों को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने को लेकर बड़े दावे किये जा रहे हैं लेकिन यह बात स्थापित नहीं हो पा रही है। लेकिन आजादी के संघर्ष में स्वदेशी आंदोलन इसलिए सफल रहा क्योंकि महात्मा गांधी ने इसकी शुरुआत से की थी। उन्होंने खादी के वस्त्र धारण कर और संयमित जीवन शैली को अपनाकर देश को प्रेरित किया। इस दौरान द्वितेन्द्र मिश्रा, अनिल सिंह, जमील खान, नूतन एक्का, विशा सिन्हा, निखिल विश्वकर्मा, अमित वर्मा, जगजीत मिंज, अनीमा प्रकाश केरकेट्टा, अमित मिंज, बालकेश्वर, विनोद एक्का, विजय बेक, नवनीत तिवारी, मुनव्वर अली, विनोद सिंह, संजय सिंह, विवेक सिंह, प्रमोद चौधरी मौजूद थे।

### पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री को किया स्मरण

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के साथ ही 2 अक्टूबर भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री जी की भी जन्म जयंती है। उनके 121वें जयंती पर गुरुवार को राजीव भवन में उनके तसवीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति के मन मे अगर दृढ़ निश्चय हो तो वो अल्प समय में बड़े कार्य कर जाता है। उन्होंने कहा कि मात्र 18 महीने के कार्यकाल में उन्होंने देश को हरित क्रांति और श्वेत क्रांति के माध्यम से खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। 1965 में पाकिस्तान से पूर्ण युद्ध कर उसके दांत खट्टे किये।



## भाजपा ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री की जयंती

**अम्बिकापुर।** भाजपा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, सांसद चिंतामणि महाराज, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर मंजूषा भगत एवं जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह की उपस्थिति में गांधी चौक पर दोनों महान विभूतियों के आदर्शों और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा और छायाचित्र पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत और शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के प्रेरणादायी नारे को रेखांकित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया तथा देश की अखंडता और समृद्धि के लिए निस्वार्थ सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, महामंत्री विनोद हर्ष और अरूणा सिंह, मधुसूदन शुक्ला, इंदर भगत, मधु चौदहा, हरमिंदर सिंह टिन्नी, निश्चल प्रताप सिंह, मनोज कंसारी, कमलेश तिवारी, पार्षद श्वेता गुप्ता, शशिकांत जायसवाल, जन्मेजय मिश्रा, निलेश सिंह, आलोक दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

**खबर संक्षेप**



### कोयलांचल में धूमधाम से मना विजयादशमी पर्व

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण अंचलों में विजयादशमी पर्व इस बार भी उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया,दिनभर माता दुर्गा की विदाई की रस्मों के बाद शाम ढलते ही आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ,गौरतलब है कि बिश्रामपुर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में इस वर्ष भी विशाल मेला आयोजित किया गया,हजारों की भीड़ देर रात तक डटी रही,मंचीय कार्यक्रमों के बीच मुख्य आकर्षण 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला रहा,जिसे क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने अग्नि देकर दहन किया, बिश्रामपुर के अलावा गोविंदपुर,कुमदा कॉलोनी,तेलईकछार,केनापारा, लटोरी,सिलफिली,कंदरई,राजापुर,राम नगर और डेडरी गांवों में भी रावण दहन भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ,आतिशबाजी से आसमान रोशनी से जगमगा उठा, मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे,इसलिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी,अतिरिक्त जवान तैनात किए गए,वहीं यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया गया,देर रात तक लगे झूले,खाने-पीने की दुकानों और बच्चों के खेल-खिलौनों ने मेले का उत्साह बढ़ा दिया।

### दोस्त के साथ मेला घूमने आए युवक की सड़क हादसे में मौत

**बिश्रामपुर।** विजयादशमी में दोस्त के साथ बाईक से रामनगर मेला घूमने आए युवक की देर रात सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा जाने से बेलटिकरी निवासी शंकर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि रामनगर निवासी शिव सिंह अपने हीरो डीलक्स मोटर सायकल से विजयादशमी के दिन अपने बहन के यहां बेलटिकरी घूमने गया था,यहां वह अपने मित्र शंकर को मेला घूमने चलने की बात कहकर बाइक से रामनगर गांव ले आया,देर रात बाइक से दोनों मेला घूम रहे थे,इस दौरा सामने से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य बाइक से उनकी बाइक टकरा गई।बताया गया कि बाइक को शंकर ड्राइव कर रहा था,आमने सामने हुई टक्कर में सिर में गंभीर चोट लग जाने से शंकर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार रामनगर निवासी शिव सिंह को भी गंभीर चोटे आई है।घटना गुरुवार देर रात की बताई गई है,हादसे में दूसरे पक्ष के बाइक सवारों को भी गंभीर चोट की सूचना है जिन्हें इलाज के लिए अंबिकापुर ले जाया गया है,बिश्रामपुर पुलिस ने किशुन सिंह पिता साहेब सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 106(1)का मामला पंजीबद्ध कर आज दूसरे दिन शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है,घटना से बेलटिकरी गांव में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।

## निकाली गई शोभा यात्रा, जगह- जगह किया गया स्वागत

# बारिश के बीच किया गया बुराई के प्रतीक रावण का दहन



भव्य आतिशबाजी के बीच जलता रावण का पुतला।



बारिश से बचने कुर्सी का सहारा लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को सरगुजा में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। दशहरा के अवसर पर शहर में राम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद पीजी कॉलेज मैदान पहुंची जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रावण का दहन किया गया। खास बात रही कि रावण दहन के दौरान जमकर बारिश हुई। मुसलाधार बारिश के बीच 85 फीट के रावण, 60-60 फीट के कुम्भकर्ण मेघनाथ के पुतले का दहन हुआ। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

**खास बात**

- बरसात के बीच भी मैदान में डटे रहे श्रद्धालु

बता दें कि विजया दशमी महोत्सव को लेकर सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। संयुक्त समिति के तत्वाधान में राम चरित मानस गायन व शैला एवं सुगा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें संभाग भर से कलाकारों ने प्रस्तुति दी थी। वहीं समिति द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में एक माह से रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण कराया जा रहा था। गुरुवार को दशहरा त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जिलेभर से हजारों की संख्या में लोग शहर में पहुंचे थे। दोपहर बाद शहर में समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान व माता सीता की झांकियों के साथ राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज रोड, अम्बेडकर चौक होते हुए देर शाम पीजी कॉलेज मैदान में पहुंची थी। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का जगह जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए अपार जनसैलाब पहुंचा था। मंच पर जैसे ही भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान बने बच्चों को लाया गया पूरा मैदान जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। समारोह में अतिथियों द्वारा श्री राम का राजतिलक किया गया। इस दौरान कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति जारी रही। इस बीच संभाग स्तरीय रामचरित मानस गायन व लोक नृत्य के विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अतिथियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

### कुर्सी का सहारा लेकर बचते नजर आए लोग

दहशरा उत्सव के दौरान देर शाम जमकर बारिश हुई। बारिश शुरू होते ही पीजी कॉलेज मैदान में लोग पानी से बचने के लिए इधर उधर भागते नजर आए जबकि बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक की कुर्सी को सिर के ऊपर रखकर भीगने से बचाया। बारिश के कारण थोड़ी देर के लिए कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हुआ लेकिन इसके बाद भी बड़ी संख्या में लोग मैदान में डटे रहे। बारिश के बीच ही जमकर आतिशबाजी की गई और फिर रावण का दहन किया गया। रावण दहन के बाद लोगों ने प्रभु श्री राम का जयकारा लगाकर एक दूसरे को विजयादशमी महोत्सव की बधाई दी।

# जिले में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी

**सूरजपुर।** नगर में बड़े ही धूमधाम से विजयादशमी मनाया गया। सूरजपुर सेवा समिति द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन कर असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के साथ मुख्य समारोह में श्रीराम-रावण का मंचन, शिव ताण्डव, जस गीत, सजीव झांकियों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, सेवा समिति के सचिव रामकृष्ण ओझा, एसडीएम शिवानी जायसवाल, एडिशनल एसपी संतोष महतो रहे। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद अतिथियों ने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय के साथ हमें सामाजिक कुरीतियों से दूर रहना चाहिए। जिस प्रकार अंधेरे के बाद उजाला आता है, उसी प्रकार अच्छाई से हम बुराई पर विजय हासिल कर सकते हैं। समारोह में सर्व समाज प्रमुख व नगर की सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष व प्रमुख भी मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश गर्ग व सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन नपा उपाध्यक्ष शैलेष गोयल ने किया। इसके पूर्व सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन व स्वागत उद्बोधन तथा रामकृष्ण ओझा सचिव ने समिति का वृत्त प्रस्तुत किया। दशहरा उत्सव में राम दरबार व रावण सेना व आधारित विशाल व भव्य झांकी अग्रसेन भवन से निकाली गई। झांकी नगर के विभिन्न मार्गों से गाजे-बाजे व ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यक्रम स्थल अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रवण जैन, सुरेन्द्र राजवाड़े, संजू सोनी, प्यारे साहू, प्रशांत साहू, भोला साहू, अजय सिंह, मदन मित्तल, अंकित गर्ग सहित बड़ी सभी समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

- किया गया विशाल रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन



### अग्रसेन स्टेडियम रहा राममय

अम्बिकापुर व बाहर से आए सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन के साथ सजीव झांकियों की टीम व शिशु मंदिर के बच्चों के द्वारा राम दरबार की भव्य अलौकिक झांकी व राम-रावण युद्ध की मंचन सहित शिव-पार्वती, शिव ताण्डव, हनुमान झांकी व देवियों की अनेक झांकियां व भजन कार्यक्रम से पूरा स्टेडियम राममय की गूंज से सराबोर हो गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों सहित आमजन अपने मोबाइल पर वीडियो बनाते रहे और झांकियों के दौरान मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर अभिवादन किया।

# विजयादशमी पर करें अपने अहंकार, क्रोध एवं लोभ का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

बुराई पर अच्छाई के जीत का पर्व विजयादशमी उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भगवान श्री राम दरबार की जीवंत झांकी के साथ पेंड्रारोड से पहुंचे स्वामी परमानंद महाराज ने रावण पुतला का दहन किया।

- स्वामी परमानंद महाराज ने किया रावण पुतले का दहन, समाज प्रमुखों को किया गया सम्मानित

सागर मोती फाउंडेशन द्वारा हाई स्कूल मैदान में परंपरा अनुसाार रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आरके पटेल, आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक सुभाष जायसवाल, राजेंद्र अग्रवाल, जिपं सभापति बद्री यादव, नपा उपाध्यक्ष शीला जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में राम दरबार की झांकी निकाली गई साथ ही शक्ति का प्रतीक शस्त्र पूजन किया गया। समारोह में भव्य आतिशबाजी की गई तथा भजन संध्या और धार्मिक प्रवचन के बीच महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंद गिरी की उपस्थिति में रावण के पुतले का दहन किया गया। स्वामी जी ने 65 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष होने के उपलक्ष्य में समारोह में विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि स्वामी परमात्मानंद गिरी ने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतले को जलाने का पर्व नहीं है अपितु हमें अपने अंदर के अहंकार, क्रोध, लोभ रूपी रावण का भी दमन करना चाहिए। उन्होंने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि इसका उद्देश्य संप्रदाय विशेष का वर्चस्व नहीं, बल्कि भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना है। कार्यक्रम के संयोजक एवं नपा परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि विगत कई वर्षों से यह आयोजन नगरवासियों के सहयोग से सागर मोती फाउंडेशन के तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के एसपी निगम ने किया। इस दौरान सुभाष केशरी, विमलेश सिन्हा, रमाशंकर दुबे, अजय केशरी, अजय गुप्ता, सृष्टि नारायण सिंह, प्रमोद कश्यप, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजेश सोनी, सुमित गुप्ता, विजय रावत, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, अनूप कश्यप, अशोक कश्यप, अंकित गुप्ता, बहादुर सिंह, मोहन ठाकुर, रामाशीष मेहता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम में श्रीराम परिवार की झांकी।



जलता रावण का पुतला।

# दिन में चाकू से युवती की हत्या, शाम को युवक पर किया गया धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में युवती की चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद महामाया मंदिर के समीप भी एक युवक पर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मंदिर के समीप ही भीड़ में दो लोगों ने युवक पर पीछे से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद युवक ने मंदिर के अन्दर भागकर अपनी जान बचाई और बेहोश होकर गिर गया। इधर दिन के समय चाकू से युवती की हत्या और फिर शाम को युवक पर जानलेवा हमला करने से पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है। चाकूबाजी की घटनाओं व जिले की कानून व्यवस्था को लेकर

- दशहरा पर लोगों की भीड़ चाकूबाजी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल



पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी सवाल उठाए है।

सरगुजा में इन दिनों अपराधी किस्म के लोगों के हौसले बुलंद हो गए है। पुलिस विभाग की ढील के कारण असामाजिक किस्म में लोग बेखौफ होकर गैंग बनाकर घूम रहे है और शहर सहित जिले भर में उत्पात मचा रही है। कहीं बाइकर्स गैंग का उत्पात जारी है तो कहीं गैंगवार जैसी घटनाएं हो रही है। इस बीच 2 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर शहर चाकूबाजी की घटना से सहम गया। सिरफिरे आरोपी ने दिन दहाड़े युवती की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। युवती की हत्या का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि देर शाम महामाया मंदिर परिसर के समीप चाकू बाजी की घटना हो गई। बताया जा रहा है कि महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के समीप अमन सारथी नामक युवक पर दो लोगों ने हमला किया। हमलावरों में से एक ने उसे पकड़कर पटक दिया जबकि दूसरे ने चाकू जैसे किसी धारदार हथियार से पीठ पर हमला किया। इस दौरान अमन सारथी किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटकर मंदिर की ओर भागा और मंदिर परिसर में जाने के बाद गिरकर बेहोश हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि युवक को धारदार हथियार से गहरा जख्म नहीं लगा था। ऐसे में उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अब इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। हालांकि बताया जा रहा है कि हमला करने वाले लोग नाबालिग है।

### भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में किया गया हमला

सबसे हैरानी की बात तो यह है कि युवक पर धारदार हथियार से उस वक्त हमला किया गया जब शोभा यात्रा की भीड़ मौजूद थी। लोगों की भीड़ के साथ ही भारी संख्या में पुलिस टीम भी तैनात थी लेकिन अपराधियों के हौसले कितने बुलंद है इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते है सैकड़ों लोगों की मौजूदगी के बीच भी हमला किया गया। इस घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है।

### पूर्व डिप्टी सीएम ने उठाए सवाल

शहर में एक ही दिन में चाकूबाजी की दो घटनाओं को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सवाल उठाए है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अंबिकापुर में दशहरा के दिन दो अलग-अलग स्थानों पर चाकूबाजी की घटनाएं सामने आईं। एक पेट्रोल पंप पर युवती की हत्या, दूसरी महामाया मंदिर परिसर में झगड़े के दौरान चाकूबाजी। ऐसी घटनाएं स्वस्थ समाज के लिए ठीक नहीं, राज्य सरकार को कानून व्यवस्था चाक-चौबंद करनी चाहिए। सिंहदेव ने कहा कि त्योहारों के दिन भीड़भाड़ वाले इलाकों में ऐसी घटनाएं लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर सवाल खड़े करती हैं। सिर्फ दशहरा ही नहीं, किसी भी दिन अपराध न हो, इसके लिए सरकार की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### चल रही है जांच

युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है और पुलिस जांच कर रही है।
**-राजेश अग्रवाल**, एसएसपी सरगुजा


BMC विद्या ददाति विनयम्

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप



### कृष्ण विहार कॉलोनी में गरबा नृत्य व रावण दहन

**अम्बिकापुर।** गांधीनगर स्थित कृष्ण विहार कालोनी में उड़ान महिला समिति द्वारा गरबा नृत्य एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत को सम्मानित किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम आदर्श कार्यव्यवहार और विकास की गाथा का नया इतिहास रचने को संकल्पित है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समारोह में गोपाल पाण्डेय ने टीम के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान समिति की सुनीता सोनी, कावेरी पाल, सवि चंद्रा अंजुला मिश्रा, गीता कुशवाहा, प्रिया सिंह, पिंकी यादव, शिखा कश्यप आदि उपस्थित थीं। अंत में रावण पुतले का दहन किया गया।

### श्री साई रेसीडेंसी में डांडिया, भक्ति गीतों पर झूमें कॉलोनीवासी



**अम्बिकापुर।** एमजी रोड स्थित श्री साई रेसीडेंसी में नवरात्रि पर डांडिया का आयोजन किया गया। डांडिया में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कॉलोनीवासी भक्ति गीतों पर झूमते रहे। आयोजन के पूर्व सुप्रिया सिंह, जासेका रवानी, श्वेता सिंह तथा योशिता अग्रवाल द्वारा महिलाओं को नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अमित सिंह, गणेश मिश्रा, किरन सिन्हा, नितेश अग्रवाल, अमरेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, रूही मिश्रा, श्रीमती रमा नामदेव, कविता सिंह, किरन शुक्ला, अंजू सिन्हा, अभिलाषा जिंदल, गोल्डी रवानी, रजनी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया सेवा पखवाड़ा, किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जिला चिकित्सालय सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर फल वितरण और पौधारोपण आयोजित किया। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महबुल्ला रजा के नेतृत्व में और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इजरायल खान,और इकबाल खान की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में मरीज और उनके परिजनों में फल वितरण सहित विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण और बच्चों को स्टेशनरी वितरण किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जफर सिद्दीकी, जब्बार अली, अताउल हक, कबाद अली, हसनैन रज़ा, राजु अंसारी, महामंत्री इंजेमामूल हक, हसन अंसारी मण्डल अध्यक्ष विश्रामपुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज 1 के शेष...

### हार्डवेयर दुकान से चाकू...

परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच कर रही है। बता दें कि दशहरा के दिन सुबह 11.40 बजे श्री कृपा फ्यूल में काम करने वाली युवती बलरामपुर जिले के चांदो अंतर्गत ग्राम शाहपुर मगाजी निवासी 28 वर्षीया विद्यावती उर्फ भारती टोप्पो आ. हीरालाल टोप्पो पर ड्यूटी के दौरान एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया था। आरोपी युवक ने पेट्रोल पंप परिसर में युवती को दौड़ा दौड़ाकर चाकू से गोद दिया था। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवती को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवती की दिनदहाड़े हत्या कर भाग रहे आरोपी को पेट्रोल पंप के बगल में संचालित फ्रेंड चिकन कार्नर के संचालक गुरदेव सिंह व वार्डवासी अरुण कुमार सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर पुलिस ने सुपुर्द कर दिया था। हत्या कर भाग रहे आरोपी ने गुरदेव सिंह पर अपने पास रखे एयरगन से हमला किया था और उसका भी गला दबा दिया था। इस मामले में पकड़े गए युवक की पहचान कुसमी के भुलसीकला निवासी 28 वर्षीय जोगेंद्र पैकरा उर्फ लादेन आ. हुईया पैकरा के रूप में की गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था लेकिन बाद में युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया था जिससे नाराज होकर उसने इस घटना को अंजाम देने की योजना बनाई।

### बतौली क्षेत्र में सबसे अधिक घटनाएं

# 24 घंटे के अंदर अलग-अलग सड़क हादसों में 5 की मौत, दर्जन भर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे के अंदर अलग अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक तीन मौतें बतौली थाना क्षेत्र में हुई और अब तक 17 घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। इधर शुक्रवार की दोपहर दरिमा रोड के ग्राम कंठी में बाइक भिडंत में युवक की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने बाइक चालक की जमकर पिटाई कर दी। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजा व तेज रफ्तार पर लगाम लगाने कार्रवाई की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया।

**खास बात**
- दरिमा रोड में बाइक भिडंत में मौत के बाद लोगों ने जताया आक्रोश

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी 43 वर्षीय धनीराम राजवाड़े आ. सीताराम राजवाड़े श्रीगढ़ में दुकान संचालित करता है। युवक शुक्रवार को बाइक से अपने दुकान आ रहा था। इस दौरान ग्राम कंठी में अंबिकापुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार बाइक के चालक टपरकेला निवासी 35 वर्षीय निर्मल कुजूर आ. कंचन राम ने टक्कर मार दी। बाइक भिडंत इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक धनीराम राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई लेकिन युवक की मौत के कारण आक्रोशित लोगों ने बाइक चालक निर्लम कुजूर को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान परिजन व पुलिस के बीच हलकी झूमा झटकी भी हुई।

मौत से आक्रोशित लोगों ने दरिमा रोड में चक्का जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिजन को मुआवजा के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना है कि दरिमा रोड में आए दिन घटनाएं हो रही है इसका कारण शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाना है। उन्होंने चेक प्वाइंट लगाकर जांच कार्रवाई करने की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीओपी तुलसिंह पट्टावी व पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया और शव को पीएम के लिए भेजा। एसडीओपी श्री पट्टावी ने बताया कि बाइक भिड़ंत के मामले में आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। ग्रामीणों को समझाइश दी गई है। शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



आरोपी को भीड़ से बचाती पुलिस।

### ठेला ने मारी टक्कर, ग्रामीण की मौत

दशहरा मेला से व्यापार कर लौट रहे ग्रामीण को बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बतौली सुवारपारा निवासी डबल दास चाट फुलकी का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता है। ग्रामीण 2 अक्टूबर को ठेला लेकर सेदम में दुर्गा पंडाल के समीप अपनी पत्नी मंगनी बाई व पुत्र विवेक उर्फ विक्की के साथ व्यवसाय करने गया था। ग्रामीण देर रात बाजार से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सुवारपारा में ही तेज रफ्तार बोलेरो का चालक ठेले व ग्रामीण को टक्कर मारकर भाग गया। इस घटना में डबल दास की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पुलिस ने परिजन की शिकायत पर बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### दशहरा मेला देखकर लौट रहा था युवक

दशहरा मेला देखकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा अंतर्गत गरम जुरगुम निवासी 18 वर्षीय विनीत पैकरा आ. उमेश पैकरा 2 अक्टूबर को अपने दोस्तों के साथ बतौली का दशहरा मेला घूमने आया हुआ था। मेला घूमने के बाद रात को बाइक से वापस लौट रहे थे। इस दौरान बिलासपुर पुलिया के समीप बाइक सवार युवक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गए। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर युवक की गई जान

लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदारी निवासी शिव प्रसाद आ. चंखू राम (33 वर्ष) 30 सितंबर को बाइक से गांव में घूमने निकला थ। जैसे ही युवक बाइक से महादेव मंदिर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### शिवनन्दनपुर तलवापारा निवासी युवा आभूषण कारोबारी की सड़क हादसे में मौत



**बिश्रामपुर।** नगर शिवनंदनपुर के तलवापारा निवासी युवा आभूषण कारोबारी प्रकाश सोनी पिता महेंद्र सोनी 28 वर्ष की बीती रात सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र में चिरगा मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया गया कि प्रकाश सोनी अपने परिजनों को किसी काम से अंबिकापुर जाने की बात कहकर अपनी बाइक से देर शाम घर से निकला था,मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे बतौली के पास चिरगा मोड़ में सड़क किनारे खड़ी चार पहिया वाहन से उसकी बाइक टकरा गई,घटना में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई,बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि खड़ी वाहन में बाईक टकराकर घुस गई जिससे युवक की मौत हो गई है, सूचना पर देर रात मौके पर पहुंची बतौली पुलिस ने शव को बरामद कर युवक के मोबाइल और उसके जेब में मिले कागजात से उसकी शिनाख्त प्रकाश सोनी 28 वर्ष के रूप में की है,मृतक युवक के मोबाइल से देर रात परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया,आज शुक्रवार को दूसरे दिन शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजनों को सौंप गया दिया है,हादसे की खबर के बादयुवा भाजपा नेता शिवनन्दनपुर श्यामू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढाँढस बंधाया।पीएम व पंचनामा उपरांत दोपहर बाद शव के गृहग्राम पहुंचने के बाद गम गीन माहौल में स्थानीय मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया,मृतक दो भाई व तीन बहनों में परिवार का सबसे बड़ा सदस्य था।

# घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बालक का शव दूसरे दिन सलका नदी किनारे से बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कोरेया आमापारा में खेलने के दौरान घुनघुट्टा नदी में डूबे मासूम बच्चे का शव आज शुक्रवार को घटना स्थल से नदी के रास्ते 12 किलोमीटर दूर घुनघुट्टा नदी किनारे ही बरामद हो गया है, जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय बालक कक्षा चौथी का छात्र आकाश राजवाड़े पिता अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब दो बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था,लेकिन घर नहीं लौटा,परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की,पर कहीं सुराग नहीं मिला,गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल को नदी किनारे पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में अनहोनी होने की आशंका फैल गई,घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर पुलिस और सूरजपुर की डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू शुरू किया था,सुबह से लेकर देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन जारी रहा,लेकिन गोताखोरों को मासूम बच्चे की तलाश में सफलता हासिल नहीं हो सकी थी,शुक्रवार को मासूम बच्चे का शव घटना स्थल से नदी के रास्ते करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम सलका महादेवपारा में घुनघुट्टा नदी किनारे बरामद किया है,ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिनों से रुक रुक हो रही बारिश की वजह से नदी का बहाव इस समय बेहद तेज है और गहराई भी अधिक है, ऐसी स्थिति में संभवतः मासूम बच्चा आकाश राजवाड़े नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया होगा,मासूम बच्चे के नदी किनारे मिलने की सूचना पर जयनगर थाना से उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक दीपक दुबे, राजेंद्र एक्का ने परिजन को लेकर मौके पर पहुंच शव पंचनामा की कार्यवाही की है,घटना से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

- संयुक्त रेस्क्यू टीम ने दूसरे दिन कोरेया आमापारा से 12 किलोमीटर दूर सलका महादेवपारा स्थित नदी किनारे पड़े बालक के शव को खोजा



### चोरों ने चार महिलाओं के गले से पार किया 2 लाख 20 हजार कीमत के मंगलसूत्र व जीवतिया

**अम्बिकापुर।** दशहरा के दिन शहर के अलग-अलग भीड़ भाड़ वाले जगह से चोरों ने चार महिलाओं के गले से लगभग 2 लाख 20 हजार कीमत का मंगलसूत्र व जीवतिया पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार गंगापुर नालापारा निवासी सविता देवी पति सहेन्द्र विश्वकर्मा, बौरी पारा निवासी चंपा देवी पति रामजी राम सोनी व लुंड्रा निवासी शांति देवी पति शंकर सोनी दशहरा के दिन सरगुजा पैलेस घूमने गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए चोरों ने महिलाओं के गले में पहने लगभग 1 लाख 75 हजार कीमत के सोने का मंगलसूत्र व जीवतिया पार कर दिया। इसी प्रकार भगवानपुर निवासी प्रभावती देवी पति गोपाल विश्वास दशहरा के दिन अग्रसेन चौक के समीप भंडारा में प्रसाद लेने गई तभी चोरों ने उसके गले में पहले 45 हजार कीमत के सोने का चैन पार कर दिया। दोनों ही घटनाओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 5 अक्टूबर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।




### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकपुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 5 अक्टूबर को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बीबी कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार, न्यूरो सर्जन डॉ.आशु जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू , ब्रेन एंजियाग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### बतौली स्कूल में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़, जमकर मचाया उत्पात

**अंबिकापुर।** जिले के बतौली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों का उत्पात जारी है। बीती रात भी असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर में जमकर तोड़फोड़ की है। स्कूल के प्राचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।



बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में 30 सितम्बर की रात अज्ञात लोगों ने जमकर उत्पात मचाने के साथ ही तोड़फोड़ की थी। इस घटना की शिकायत प्रचार्य ने 1 अक्टूबर को पुलिस से की थी लेकिन इसपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलंद है। बीती रात फिर से अपराधियों ने स्कूल परिसर में घुसकर बरामदे में रखे गमलों को तोड़ दिया। इसके साथ ही डस्टबिन, पानी सप्लाई के पाइप, नल टोटी, सीलिंग फैन को तोड़ दिया। इस घटना से स्कूल प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्राचार्य ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

# लटोरी शासकीय अस्पताल के सामने से बाइक चोरी मामले में खरीददार समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी के सामने से खड़ी बाइक चोरी मामले में पुलिस ने खरीददार समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ग्राम लटोरी कोईरापारा निवासी हंसलाल कुशवाहा पिता मनी राम 29 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 डीबी 5094 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी इलाज कराने गया था,अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया,लेकिन इलाज के बाद बाहर निकलने पर देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी,प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने जरही जंगलपारा थाना भटगांव निवासी 22 वर्षीय शुभम सोनी पिता कालीचरण व 22 वर्षीय आकाश चौबे पिता स्व.श्याम किशोर चौबे को हिरासत में लिया,पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बाइक चोरी कर उस बाइक को अंबिकापुर खैरबार निवासी प्रिंस सोनी पिता मनोज सोनी को बेचने की बात स्वीकार की,जिस पर पुलिस ने खरीदार प्रिंस सोनी से चोरी गई मोटरसाइकिल को उसके घर खैरबार से बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय सूरजपुर पेश कर दिया है।



# रामलीला में रावण वध के बाद पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

रामलीला मैदान में पिछले 54 वर्षों से आयोजित हो रही रामलीला में दशहरे के दिन रावण वध प्रसंग का भजन किया गया। रामलीला में भगवान राम द्वारा रावण का वध करने के उपरांत रावण के पुतले का दहन किया गया। विकासखण्ड मुख्यालय में स्थानीय कलाकारों द्वारा हर साल नवरात्रि में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान सरगुजा महाराज विजयादशमी की पूर्व संध्या रामलीला के मंच से आम जनता को दशहरे की शुभकामनाएं देते हैं। इस वर्ष भी सरगुजा के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने आम जनता को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस वर्ष राम का पात्र अभिषेक सिंह, लक्ष्मण वाल्मीकि चौधरी, सीता सक्षम चौधरी, रावण मुकेश सिंह, निर्देशक, रवि अग्रवाल, ललित मिश्रा ने अपना किरदार निभाया। दशहरे के दूसरे दिन अध्यक्ष मार्तण्ड प्रताप सिंहदेव ने मंडली के सभी कार्यकर्ताओं एवं कलाकारों को भोजन कराया। पांच दशकों से चल रही रामलीला मंडली को शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई सहयोग नहीं मिल पाया है। कलाकारों को प्रोत्साहित करने की जरूरत बताई जा रही है। परंपरानुसार दशहरा के दूसरे दिन भक्तिभाव से दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

- 54 वर्षों से स्थानीय कलाकार कर रहे रामलीला का मंचन



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411